कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सालमारी।

Email- eesalmari@gmail.com

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0 :-01/2026-27

पत्रांक–   /सालमारी   दिनांकः–21.05.2026

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

सेवा प्रदाता से ट्रेक्टर के साथ प्रोटेबल जेनरेटर जोड़कर लाईट के साथ बाढ़ अवधि 2026 के दौरान तटबंध की सुरक्षा हेतु दर निर्धारण के लिए कोटेशन आमंत्रित की जाती है। जिसका उपयोग बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सालमारी अन्तर्गत झौआ दिल्ली–दिवानगंज महानंदा बायाँ तटबंध के कि0मी0 0.00 से 32.15 कि0मी0 एवं आजमनगर रिंगबाँध तथा बागडोव झौआ महानंदा बायाँ तटबंध के कि0मी0 0.00 से 17.00 कि0मी0 के बीच अति आक्राम्य/आक्राम्य, स्थलों पर आवश्यकतानुसार जरूरत पड़ने पर बालू भरे बैग, खाली बैग, नायलन क्रेट, खाली जियो बैग, बालू, गिट्टी इत्यादि के साथ मजदूरों को रखकर क्षेत्रान्तर्गत ले जाने एवं वहां आवश्यक कार्य कराने हेतु चौबीसों घंटे तैयार रहना होगा एवं निदेशानुसार कार्यस्थल पर तत्क्षण प्रस्थान करना होगा। ट्रेक्टर, जेनरेटर एवं हैलोजन निम्न प्रकार से होना चाहिए–

01. विवरणः–
   (क) ट्रेक्टरः– 35 HP का न्यूनतम
   (ख) प्रोटेबल जेनरेटरः– 3 K.V.
   (ग) हैलोजनः– कार्य के लिए पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए कम से कम 500 W का 4 अदद एवं प्रत्येक रोशनी हेतु 30 मीटर लंबाई की तार सहित।

   सेवा प्रदाता से आइडिल अवधि एवं कार्यकारी अवधि के दर की अपेक्षा की जाती है।

   (अ) आइडिल दरः–
   (ब) कार्यकारी दरः–

02. मूल्यांकनः–

   दर उद्धरण का मूल्यांकन निम्नांकित फार्मूला से किया जाएगा–
   $a \times 0.3 + b \times 0.7$, जहाँ a आइडिल दर है एवं b कार्यकारी दर है।

03. शर्तेः–
   (क) सेवा प्रदाता का निबंधन मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार में बाढ़ 2026 के कार्यों हेतु होना चाहिए।
   (ख) सेवा प्रदाता का GST निबंधन, पैन कार्ड एवं चरित्र प्रमाण पत्र होना चाहिए।
   (ग) आयकर की कटौती नियमानुसार की जाएगी।
   (घ) ट्रेक्टर एवं जेनरेटर हमेशा चालू स्थिति में रहना चाहिए अन्यथा खराब होने पर देय दर के दोगुने वसूली की जाएगी।
   (ड़) सभी कार्यों का भुगतान लॉग बुक प्रविष्टि के आधार पर किया जाएगा।
   (च) अधोहस्ताक्षरी को निर्धारित अवधि के पूर्व भी वाहन/मोबाईल एम्बुलेंस स्थल को हटाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
   (छ) मशीनरी का उपयोग नहीं होने की स्थिति में आईडल दर पर भुगतान किया जाएगा। आईडल अवधि अधिकतम 12 घंटे की होगी।

04. यह अल्पकालीन कोटेशन दर निर्धारण के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।
05. कोटेशन प्राप्ति का स्थानः– 01.06.2026 से 04.06.2026 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।
06. कोटेशन प्राप्ति का स्थानः– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सालमारी/अधीक्षण अभियंता, महानंदा बाढ़ नियंत्रण अंचल, कटिहार/ मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार ।

विश्वासभाजन

ह0/–

(कृपानाथ चन्द्र विश्वास)
कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सालमारी।

पत्रांक– 530/सालमारी

दिनांकः– 21/05/2026

प्रतिलिपिः– सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना को अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना की प्रति सहित **Soft Copy** के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

21-05-26

(कृपानाथ चन्द्र विश्वास)
कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल,सालमारी।

21/05/26